समाचार

महापौर ने वार्ड क्र. 13 एवं 54 का भ्रमण कर स्वच्छता कार्यो का किया निरीक्षण

(नियमित साफ–सफाई, कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन का कार्य करने तथा सफाई कार्यो में बेहतरी लाने के दिए निर्देश)

कोरबा 16 फरवरी 2023 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज अधिकारियों के साथ निगम के वार्ड क्र. 13 एवं 54 का भ्रमण किया, उन्होने स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण किया, वार्डवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं का जाना तथा नियमित रूप से साफ–सफाई करने, कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने व सफाई कार्यो को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महापौर श्री प्रसाद नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 13 परिवहन नगर एवं वार्ड क्र. 54 बरमपुर सर्वमंगला नगर की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने वार्ड के नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं को जाना तथा निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने बस्तियों में निगम द्वारा कराए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, नालियों का अवलोकन किया तथा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नियमित रूप से साफ–सफाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि नालियों में कचरे का जमाव न हों, पानी का प्रवाह अवरूद्ध न हो, इस हेतु नालियों की नियमित सफाई की जाए। उन्होने कहा कि सफाई कार्यो के दौरान उत्सर्जित कचरे व मलवे का स्थल से तुरंत उठाव करते हुए उसका परिवहन सुनिश्चित कराया जाए ताकि उत्सर्जित कचरा स्थल पर ज्यादा देर तक पड़ा न रहे। महापौर श्री प्रसाद ने वार्डो के नागरिकों से भेंट की, उनकी संबंधी आवश्यकताओं के साथ–साथ साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था आदि पर चर्चा की तथा इनसे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें तुरंत अवगत कराने का आग्रह किया तथा समस्याओं के यथा समय निराकरण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

भ्रमण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी व सुनील वर्मा वार्डो के नागरिकगण एम. डी.कादिर, अभिषेक साहू, तिलक कुमार पटेल, तस्लीम मिर्जा, मयंक पाण्डेय, नारायण प्रसाद, राजेन्द्र कुमार आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।